# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

05/08/2020

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Hindustan, Prayagraj (U.P.)**

### धार्मिक स्थलों, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों की सुरक्षा बढ़ाई, शहर में देररात तक चेकिंग अभियान चला

# पैरामिलिट्री के हवाले शहर की सुरक्षा

प्रयागराज | वरिष्ठ संवाददाता

अयोध्या में भूमि पूजन के मद्देनजर अलर्ट जारी होने के बाद मंगलवार को प्रयागराज में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया। पैरामिलिट्री फोर्स ने शहर की कमान संभाली। आईजी ने बैरियर और चौराहों पर बुलेट प्रूफ जैकेट पहनाकर पुलिसकर्मियों को चेकिंग में लगाया। शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों और मंदिरों के बाहर पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी गई। देर रात तक चले इस अभियान में संदिग्धों की तलाश में स्थानीय पुलिस लगी रही।

आईजी केपी सिंह ने बताया कि संदिग्धों की तलाश में लगी पुलिस को एहतियातन बुलेट प्रूफ जैकेट पहनाकर चेकिंग करने का आदेश दिया गया है। मंगलवार को आईजी ने शहर के एंट्री प्वाइंट धूमनगंज और तेलियरगंज में जाकर एसपी सिटी दिनेश सिंह के साथ इंतजाम देखा। पुलिसकर्मियों की बुलेट प्रूफ जैकेट और अलर्टनेस को चेक किया। वहीं शाम को एसपी सिटी ने आरएएफ के साथ सिविल लाइंस समेत प्रमुख इलाकों में मार्च किया। पैरामिलिट्री फोर्स ने शहर की सुरक्षा की कमान संभाली। एसपी सिटी ने बताया कि संगम नोज और बड़े हनुमान मंदिर पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। शाम को पुलिस ने शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर आने-जाने वालों की तलाशी ली। उनकी आईडी चेक की गई। इसी तरह होटलों और धर्मशाला में रुके लोगों के बारे में जानकारी ली गई।



राम मंदिर के भूमि पूजन के मद्देनजर अलर्ट जारी है जिसके तहत मंगलवार को सिविल लाइंस बस अड्डे पर पुलिस व आरएफ ने रूट मार्च किया। • हिन्दुस्तान

## बसें शास्त्री ब्रिज होकर आएंगी

**प्रयागराज।** लखनऊ और फैजाबाद से प्रयागराज आने वाली रोडवेज बसें बुधवार से सहसों और शास्त्री ब्रिज के रास्ते शहर में प्रवेश करेंगी। मलाक हरहर में पुलिया निर्माण और शहीद चंद्रशेखर आजाद सेतु गार्डर की मरम्मत के कारण बसों का मार्ग बदला गया है।

प्रयागराज से फैजाबाद, सुलतानपुर और प्रतापगढ़ जाने वाली बसें पहले की तरह फाफामऊ, सोरांव होकर ही जाएंगी। आगामी घोषणा तक मार्ग बदलने के कारण लखनऊ और फैजाबाद मार्ग से आने वाली बसों को लगभग 14 किमी अतिरिक्त यात्रा करनी पड़ेगी लेकिन इसका बोझ यात्रियों पर नहीं पड़ेगा। अतिरिक्त यात्रा के बावजूद किराया नहीं बढ़ेगा। सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक टीकेएस विशेन ने बताया कि बसों को स्वर्णिम चतुर्भुज बाईपास पर टोल टैक्स नहीं देना होगा।

### फैजाबाद जाने वाली बसें सुलतानपुर में रोकी गईं

प्रयागराज से फैजाबाद जाने वाली बसें मंगलवार को सुलतानपुर में रोक दी गई। यात्रियों को परेशान होना पड़ा। फैजाबाद से प्रयागराज आने वाली बसों के रोके जाने की सूचना है। रोडवेज के एक अधिकारी ने बताया कि अयोध्या में भूमि पूजन के मद्देनजर सुरक्षा बढ़ाई गई है।

### 18 हजार महिलाओं ने की निःशुल्क यात्रा

रक्षाबंधन के अवसर पर 18 हजार महिलाओं ने बसों में यात्रा की। परिवहन निगम के प्रयागराज में कुल 314 बसें चलाई गईं। बसों में कुल 44 हजार 797 लोगों ने यात्रा की।

I Next , Prayagraj (U.P.)

# अयोध्या को लेकर बनारस में अलर्ट

## राम मंदिर के लिए भूमि पूजन की पूर्व संध्या पर चला सघन चेकिंग अभियान

## सार्वजनिक स्थानों संग रेलवे स्टेशन व बस अड्डों की परखी गई सुरक्षा



पुलिस ने शहर के कई इलाकों में किया मार्च.

VARANASI (4 Aug): अयोध्या में पांच अगस्त को श्रीराम मंदिर के लिए भूमि-पूजन को लेकर वाराणसी में अलर्ट जारी किया गया है. मंगलवार को गंगा घाट, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, जिला जेल, गलियों, धर्मस्थलों, होटल, गेस्ट हाउस समेत पब्लिक प्लेसों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया. संदिग्ध लोगों से पूछताछ और चेकिंग की गई. रेलवे स्टेशन, बस अड्डा व एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था जांची गई. इसके अलावा गंगा घाट से लेकर गली-मुहल्लों में रामजन्म भूमि पूजन को लेकर चल रहे पूजा-पाठ को लेकर पूरे शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात किया गया है.

### एयरपोर्ट से लेकर स्टेशन तक

अयोध्या में होने वाले भूमि पूजन के बाबत एयरपोर्ट सहित कैंट, मंडुवाडीह, वाराणसी सिटी, काशी आदि स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है. मुख्य स्टेशन कैंट पर सुबह जीआरपी की टीम ने बम डिस्पोजल स्क्वायड (बीडीएस) के साथ चप्पे-चप्पे की जांच की. लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीआइएसएफ के जवानों ने आने-जाने वाले वाहनों व लोगों की सघन जांच की. एयरपोर्ट को जाने वाले सभी रास्तों पर सघन चेकिंग हुई. होटल, घाट किनारे समेत गलियों व अन्य प्रमुख स्थानों पर पुलिस ने बम निरोधक दस्ता के साथ चेकिंग अभियान चलाया. काशी को लेकर अधिक सतर्कता बरती जा रही है, क्योंकि यह प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र है. साथ ही यह देश की सांस्कृतिक राजधानी भी है.

### डीएम ने चेताया


शहर में भ्रमण के दौरान लंका क्षेत्र में शाम पांच बजे के बाद भी कुछ दुकानें खुली मिली. इस पर डीएम ने निर्धारित समय के बाद भी खुली होने पर संबंधित दुकानदारों को भविष्य के लिए ताकीद किया. संकटमोचन मंदिर परिसर में खड़ी गाड़ियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए वहां से तत्काल हटाए जाने का निर्देश दिया.

### किया औचक निरीक्षण

डीएम कौशल राज शर्मा ने मंगलवार को एसएसपी अमित पाठक के साथ जिला जेल का औचक निरीक्षण किया. डीएम ने कैदियों के बैरक तथा भोजनालय को देखा. उन्होंने निरीक्षण के दौरान जेल अधिकारियो से भी आवश्यक जानकारी ली. साथ ही जेल के भीतर कोरोना से बचाव के लिए सोशल डिस्टेंसिंग एवं मास्क आदि के उपयोग की अनिवार्यता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. इसके अलावा पूरे शहर में भ्रमण कर स्थिति देखी. डीएम ने कैंट रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और रेलवे के अधिकारियों से वार्ता कर बुधवार को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया.

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF







**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**